आईटी सेक्टर में यूपी में आए 6300 करोड़ रुपये, 53,000 को रोजगार

अमर उजाला ब्यूरो

एमएसएमई एक्सपोर्ट प्रमोशनल काउंसिल की रिपोर्ट, यूपी में करीब 1.25 लाख आईटी प्रोफेशनल्स

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आईटी सेक्टर में देश का छठा सबसे बड़ा केंद्र है। वर्ष 2018 से 2023 के बीच 6300 करोड़ से ज्यादा का निवेश इस सेक्टर में आया है, जिनके जरिए 53 हजार लोगों को रोजगार मिला है। एमएसएमई एक्सपोर्ट प्रमोशनल काउंसिल के मुताबिक यूपी में आईटी संस्थानों से निकले छात्रों को बड़ी संख्या में अपने ही प्रदेश में नौकरी मिली है। वहीं कम से कम 10 हजार करोड़ के निवेश प्रोजेक्ट फाइनल स्टेज में हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक नोएडा-ग्रेटर नोएडा-एक्सप्रेसवे बेल्ट इलेक्ट्रानिक उत्पादों और मोबाइल फोन उत्पादन में देश की सबसे बड़ी बेल्ट के रूप में उभरा है। अकेले इस बेल्ट में 40 फीसदी मोबाइल फोन और 55 फीसदी कंपोनेंट बन रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2019 की तुलना में वर्ष 2022-23 में विद्युत उत्पादन 2000 मेगावाट बढ़ा है। सौर ऊर्जा में प्रदेश ने तेज छलांग मारी है, क्योंकि इसमें करीब 1500 मेगावाट का इजाफा हुआ है। काउंसिल के मुताबिक आईटी सेक्टर में भी यूपी देश में छठे स्थान पर है। उत्तर भारत का आईटी हब उत्तर प्रदेश बन गया है।

आईटी सेक्टर में वैश्विक ग्रोथ 8 फीसदी है, जबकि भारतीय सेक्टर 15 फीसदी ग्रोथ से बढ़ रहा है। यूपी में करीब 1.25 लाख आईटी प्रोफेशनल्स हैं। 6300 करोड़ का निवेश यूपी आईटी पालिसी के तहत आया है। इसकी बड़ी वजह आईटी पार्क, आईटी संस्थानों की बढ़ती संख्या, उद्योग आधारित नीति को बताया गया है।